भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-506

उत्तर देने की तारीख-30/03/2026

ओडिशा में पीएम श्री स्कूल

†*506. **श्री प्रदीप पुरोहित:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओडिशा में पीएम श्री (पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना के अंतर्गत स्कूलों के चयन और समावेशन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित किए गए मानदंडों और दिशा-निर्देशों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा ओडिशा में पीएम श्री विद्यालयों के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित और जारी की गई है;

(ग) ओडिशा में पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित विद्यालयों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस योजना के अंतर्गत चयनित विद्यालयों में विकसित अथवा उन्नयन के लिए प्रस्तावित अवसंरचना, शैक्षणिक और प्रौद्योगिकी संबंधी सुविधाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"ओडिशा में पीएम श्री स्कूल" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री प्रदीप पुरोहित द्वारा दिनांक 30.03.2026 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 506 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क): प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य केंद्र सरकार/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकार/स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित मौजूदा स्कूलों में से 14,500 से अधिक स्कूलों को सुदृढ़ करना है। पीएम श्री योजना के तहत स्कूलों का चयन करने हेतु सरकार द्वारा अपनाए गए मानदंड पीएम श्री फ्रेमवर्क की "चयन पद्धति" के तहत प्रदान किए गए हैं, जो लिंक: https://pmshri.education.gov.in/assets/pdf/part1_pmshri.pdf| पर उपलब्ध है।

(ख): पीएम श्री योजना 7 सितंबर, 2022 को अनुमोदित की गई थी और ओडिशा राज्य ने वित्त वर्ष 2024-25 में इस योजना को लागू करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया था। योजना में शामिल होने के बाद से पीएम श्री योजना के तहत ओडिशा राज्य को आवंटित और जारी की गई निधियों का विवरण इस प्रकार है:

(करोड़ रू. में)

वित्तीय वर्ष (वि.व.)	अनुमोदित पीएबी परिव्यय	अनुमोदित पीएबी परिव्यय का केंद्रीय हिस्सा	जारी किया गया कुल केंद्रीय हिस्सा
2024-25	435.03	261.02	130.51
2025-26	851.99	511.19	77.17 (25.03.2026 तक)

नोट- परिव्यय निधियों में प्रतिबद्ध देयता शामिल है।

(ग): पीएम श्री योजना के तहत, ओडिशा राज्य से दिनांक 25.03.2026 तक कुल 762 स्कूलों को पीएम श्री स्कूलों के रूप में चुना गया है जिनमें से 26 स्कूल प्राथमिक, 662 स्कूल माध्यमिक और 74 स्कूल वरिष्ठ माध्यमिक हैं। इसके अतिरिक्त, ओडिशा में स्थित 78 केंद्रीय सरकारी स्कूलों (46 केंद्रीय विद्यालय, 31 नवोदय विद्यालय और 1 एनसीईआरटी) को भी पीएम श्री स्कूलों के रूप में चयनित किया गया है। ओडिशा राज्य में पीएम श्री योजना के तहत चयनित इन 840 पीएम श्री स्कूलों की जिला-वार संख्या **अनुलग्नक** के रूप में दी गई है। इसके अलावा, देश भर के पीएम श्री स्कूलों की सूची पीएम श्री योजना की वेबसाइट लिंक: https://pmshri.education.gov.in/state पर देखी जा सकती है।

(घ): राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप, पीएम श्री योजना में इन पीएम श्री स्कूलों को 21 एनईपी घटकों जैसे कंप्यूटर प्रयोगशाला/आईसीटी प्रयोगशाला/स्मार्ट कक्षाओं, अच्छे फर्नीचर के साथ पुस्तकालय, इंटरनेट सुविधा, व्यावसायिक कौशल शिक्षा, मार्गदर्शन और करियर परामर्श,

पूर्णतः एकीकृत विज्ञान प्रयोगशाला/भौतिकी प्रयोगशाला/रसायन विज्ञान प्रयोगशाला/जीव विज्ञान प्रयोगशाला, पूर्णतः सन्नद्ध खेल सुविधाओं के साथ खेल का मैदान, स्कूल नवाचार परिषद, मिशन लाइफ के लिए यूथ और ईको क्लब, प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए बिल्डिग एज लर्निंग एंड (बीएएलए) फीचर्स और जादुई पिटारा, छात्रों के लिए 10 बैगलेस दिन, बच्चों की उपस्थिति की निगरानी के लिए बाल निगरानी सॉफ्टवेयर, पूरी तरह से काम करने वाली हैंडवाश सुविधा और शौचालय, ग्रीन स्कूल की विशेषताएं आदि से परिपूर्ण करने का प्रावधान है। ये पीएम श्री स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की सभी पहलों को प्रदर्शित करने के लिए हैं जो आदर्श स्कूल होंगे और पड़ोस के अन्य स्कूलों को बेंचमार्किंग नेतृत्व भी प्रदान करेंगे।

अवसंरचना में सुधार के लिए, देश भर के पीएम श्री स्कूलों को प्राथमिक और प्रारंभिक विद्यालयों में बाला फीचर, जादुई पिटारा, बच्चों के अनुकूल फर्नीचर, आउटडोर खेल सामग्री, अतिरिक्त कक्षा तथा माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लिए पूरी तरह से सन्नद्ध एकीकृत विज्ञान प्रयोगशाला/भौतिकी प्रयोगशाला/रसायन विज्ञान प्रयोगशाला/जीव विज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट कक्षाओं, कंप्यूटर प्रयोगशाला/आईसीटी प्रयोगशाला, कौशल प्रयोगशाला, पूरी तरह से सन्नद्ध खेल सुविधा वाला खेल का मैदान, अतिरिक्त कक्षा आदि जैसे घटकों से परिपूर्ण किया गया है।

इसके अलावा, पीएम श्री योजना में अनुभवात्मक, दक्षता-आधारित और शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षाशास्त्र के माध्यम से एनईपी 2020 के अनुरूप शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं को पूरी तरह से बदलकर शैक्षणिक और तकनीकी सुविधाओं में सुधार की परिकल्पना की गई है। समग्र विकास सुनिश्चित करने हेतु, बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान, अधिगम संवर्धन कार्यक्रम, मौलिक शिक्षाशास्त्र के उपयोग, बैगलेस डे, स्थानीय कारीगरों के साथ प्रशिक्षुता और कला, खेल और व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण पर बल दिया गया है। दक्षता-आधारित मूल्यांकन और समग्र प्रगति कार्ड जैसी मूल्यांकन पद्धति वास्तविक जीवन की स्थितियों में अवधारणात्मक समझ और ज्ञान के व्यावहारिक प्रयोग पर ध्यान केंद्रित करती हैं। समृद्ध शिक्षण-अधिगम सामग्री और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता के साथ-साथ शिक्षकों और स्कूल के प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों का सतत पेशेवर विकास और क्षमता निर्माण कक्षा की कार्यप्रणाली को और सुदृढ़ करता है। इसके अलावा, पीएम श्री योजना में डिजिटल शैक्षिक विषय-वस्तु के साथ-साथ आईसीटी प्रयोगशालाओं, स्मार्ट कक्षाओं, कंप्यूटर प्रयोगशालाओं, इंटरनेट सुविधा और डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना करके पीएम श्री स्कूलों में डिजिटल अवसंरचना में सुधार करने का भी प्रावधान है। दीक्षा जैसे प्लेटफार्मों का उपयोग उच्च गुणवत्ता वाले डिजिटल अधिगम संसाधनों का भंडार प्रदान करने के लिए किया जा रहा है, जिससे शिक्षकों और छात्रों को संसाधन-साझा करने के लिए सक्षम किया जा सके।

*****

अनुलग्नक

"ओडिशा में पीएम श्री स्कूल" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री प्रदीप पुरोहित द्वारा दिनांक 30.03.2026 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 506 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

ओडिशा राज्य में पीएम श्री योजना के तहत चुने गए पीएम श्री स्कूलों की जिला-वार संख्या इस प्रकार है:

		पीएम श्री स्कूलों की संख्या		
क्र. सं.	**जिला**	**राज्य सरकार**	**केंद्र सरकार**	**कुल**
1	अंगुल	20	2	22
2	बलांगीर	36	3	39
3	बालेश्वर	30	2	32
4	बारगढ़	27	2	29
5	भद्रक	22	2	24
6	बौध	6	2	8
7	कटक	33	3	36
8	देवगढ़	5	1	6
9	ढेंकनाल	21	2	23
10	गजपति	15	2	17
11	गंजम	71	5	76
12	जगतसिंहपुर	18	2	20
13	जाजापुर	24	3	27
14	झारसुगुडा	10	2	12
15	कालाहांडी	32	3	35
16	कंधमाल	28	2	30
17	केंद्रपाड़ा	22	2	24
18	केंदुझर	36	2	38
19	खोरधा	29	10	39
20	कोरापुट	34	3	37
21	मल्कानगिरी	15	3	18
22	मयुरभंज	47	3	50
23	नबरंगपुर	23	2	25
24	नयागढ़	21	2	23
25	नुआपाड़ा	12	1	13
26	पुरी	27	2	29
27	रायगढ़	26	2	28
28	संबलपुर	19	3	22
29	सोनेपुर	15	2	17
30	सुंदरगढ़	38	3	41
	कुल	762	**78**	**840**

*****